हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

तेरहवां सत्र

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

मंगलवार, 17 नवम्बर, 2026/26, कार्तिक, 1948 (शक्)

[मुख्य मंत्री - उप-मुख्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - कृषि मंत्री - उद्योग मंत्री - राजस्व मंत्री - शिक्षा मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री - लोक निर्माण मंत्री - नगर एवं ग्राम योजना मंत्री - आयुष मंत्री].

कुल प्रश्न - 15

सोलर प्रोजैक्ट्स

1970 **श्री केवल सिंह पठानिया (शाहपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक प्रदेश में कितने सोलर प्रोजैक्ट्स किन-किन स्थानों पर स्थापित किए गए; ब्यौरा दें;

(ख) दिनांक 31.10.2026 तक उपरोक्त सोलर प्रोजैक्ट्स में से कितने आरंभ किए जा चुके हैं तथा उन पर कितनी धनराशि व्यय की जा चुकी है; और

(ग) इनसे कितनी धनराशि पंचायत/हिमऊर्जा/ प्रदेश सरकार को प्राप्त हो रही है; ब्यौरा दें?

दन्त चिकित्सक

1971 श्री केवल सिंह पठानिया (शाहपुर):

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में प्रदेश में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं नागरिक अस्पतालों में दन्त चिकित्सकों के कितने पद स्वीकृत, भरे व रिक्त हैं; संस्थानवार ब्यौरा दें; और

(ख) क्या सरकार दंत चिकित्सकों के पदों को भरने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

जनजातीय विकास

1972 डॉ0 जनक राज (भरमौर):

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक भरमौर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के भरमौर व पांगी हेतु जनजातीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम के तहत वर्षवार कितनी-कितनी धनराशि आबंटित एवं व्यय की गई; और

(ख) लोक निर्माण, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली एवं पेयजल के कितने विकास कार्य धनराशि की कमी अथवा प्रशासनिक स्वीकृति के अभाव में लंबित हैं तथा लंबित कार्यों को पूर्ण करने हेतु अतिरिक्त धनराशि एवं समयबद्ध कार्य योजना क्या है?

मणिमहेश यात्रा

1973 डॉ0 जनक राज (भरमौर):

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक मणिमहेश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं/ यात्रियों की संख्या तथा पर्यटन से प्राप्त सरकारी राजस्व का ब्यौरा वर्षवार दें;

(ख) उक्त अवधि में इस यात्रा मार्ग पर स्वास्थ्य, स्वच्छता, पेयजल, शौचालय, पार्किंग एवं आपदा प्रबंधन हेतु कितनी-कितनी धनराशि व्यय की गई; और

(ग) भरमौर एवं पांगी क्षेत्र में पर्यटन विकास हेतु कितनी परियोजनाएं स्वीकृत हुईं, कितनी पूर्ण हो चुकी हैं व कितनी लंबित हैं?

विद्युत आपूर्ति

1974 डॉ0 जनक राज (भरमौर):

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक भरमौर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत विद्युत आपूर्ति बाधित होने की उप-मंडलवार घटनाओं, प्रभावित गांवों तथा व्यवधान की अवधि का ब्यौरा उप-मण्डलवार एवं वर्षवार दें;

(ख) इस क्षेत्र में कितने ट्रांसफार्मर, विद्युत लाइनें एवं उप-केंद्र क्षतिग्रस्त हुए तथा मरम्मत पर वर्षवार कितना व्यय हुआ;

(ग) बर्फबारी के दौरान बिजली बहाली हेतु उपलब्ध कर्मचारी, मशीनरी एवं वैकल्पिक व्यवस्थाओं का ब्यौरा दें; और

(घ) क्या निर्धारित समय-सीमा में बिजली बहाल न होने पर किसी अधिकारी की जवाबदेही तय की गई है; यदि हां, तो कार्रवाई का ब्यौरा दें; यदि नहीं, तो कारण एवं भविष्य में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु क्या समयबद्ध कार्य योजना है?

जे0ओ0ए0 (लाइब्रेरी)

1975 श्री सुधीर शर्मा (धर्मशाला):

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि शिक्षा विभाग में स्कीम आधारित सहायक जे0ओ0ए0 (लाइब्रेरी) का नया कैडर सृजित किया गया है; यदि हां, तो स्कीम की प्रति सभा पटल पर रखें;

(ख) इस स्कीम के आधार पर विभाग में कितने पद भरे जाने प्रस्तावित हैं तथा ये नियुक्तियां कितने वर्षों हेतु की जाएंगी; और

(ग) क्या इन पदों पर चयनित होने वाले कर्मचारियों को नियमित करने का प्रावधान किया गया है; यदि नहीं, तो कारण?

बिजली सप्लाई

1976 डॉ0 हंस राज (चुराह):

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में जिला चम्बा में ऐसी कितनी पंचायतें व गांव हैं, जिनमें वर्षों पुरानी लाइनों से बिजली सप्लाई की जा रही है; पंचायतवार ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत ऊपरी पहाड़ी एवं दुर्गम क्षेत्र

जैसे- मनसा, गुईला, मंगली, लुइंडा, सनवाल, मक्कन, आयल, बिहाली, काया-बाड़ा, भराड़ा, चांजू, चरड़ा व कल्हेल में लकड़ी के खंभों को कब तक दुरुस्त/बदलेगी; पंचायतवार ब्यौरा दें?

नए स्कूल

1977 **डॉ0 हंस राज (चुराह):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सरकार जिला चम्बा में नए स्कूल खोलने का विचार रखती है: यदि हां, तो कब तक, यदि नहीं, तो कारण, ब्यौरा दें?

विकास कार्य

1978 **श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत दो वित्तीय वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक जोगिन्द्रनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत जल शक्ति विभाग द्वारा कौन-कौन से विकास कार्य करवाए गए तथा वर्तमान में कौन-कौन से कार्य प्रगति पर हैं; और

(ख) उक्त प्रत्येक कार्य का ब्यौरा कार्य के नाम, कार्य के स्थान, संबंधित योजना का नाम, स्वीकृत धनराशि, कार्य आबंटन की तिथि, कार्य की अद्यतन स्थिति, ठेकेदार के नाम तथा दिनांक 01.11.2026 तक ठेकेदार को किए गए भुगतान का कार्यवार एवं योजनावार ब्यौरा दें?

लंबित भुगतान

1979 **श्री दीप राज (करसोग):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक करसोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत करवाए गए विकास कार्यों हेतु रेत, बजरी, रोड़ी एवं अन्य निर्माण सामग्री उपलब्ध करवाने वाले ठेकेदारों एवं आपूर्तिकर्ताओं की कितनी धनराशि का भुगतान लंबित है; लंबित भुगतानों का ब्यौरा ठेकेदारों/आपूर्तिकर्ताओं के नाम, कार्य एवं पंचायतवार दें?

पंचायत सचिव

1980 **श्री दीप राज (करसोग):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) करसोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कुल कितनी ग्राम पंचायतें हैं; दिनांक 01.11.2026 तक पंचायत सचिवों के कितने पद स्वीकृत, भरे व रिक्त हैं; पंचायतवार कार्यरत पंचायत सचिवों एवं रिक्त पदों का ब्यौरा दें;

(ख) कितने पंचायत सचिवों के पास एक-से-अधिक ग्राम पंचायतों का अतिरिक्त कार्यभार है तथा प्रत्येक सचिव के अधीन कितनी-कितनी पंचायतें हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) क्या सरकार पंचायत सचिवों को नियमित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

विधायक प्राथमिकता

1981 **श्री लोकेन्दर कुमार (आनी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत विधायक प्राथमिकता में नाबार्ड को स्वीकृति हेतु कितनी योजनाएं प्रेषित की गईं;योजनावार ब्यौरा, प्रेषण की तिथि, संबंधित विभाग तथा अनुमानित लागत सहित दें;

(ख) इस अवधि में प्रेषित योजनाओं में से कितनी योजनाएं स्वीकृत, कितनी लंबित तथा कितनी अस्वीकृत की गईं; प्रत्येक योजना का अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें;

(ग) स्वीकृत योजनाओं में से कितनी योजनाओं हेतु धनराशि जारी की गई, कितनी योजनाओं पर कार्य आरंभ हो चुका है तथा कितनी पूर्ण हो चुकी हैं; योजनावार स्वीकृत, व्यय तथा जारी धनराशि का ब्यौरा दें; और

(घ) नाबार्ड को प्रेषित जिन योजनाओं की स्वीकृति अथवा वित्तपोषण लंबित है, उनके लंबित रहने के क्या कारण हैं; सरकार द्वारा इन योजनाओं की स्वीकृति एवं कार्यान्वयन हेतु क्या पग उठाए गए तथा इन्हें कब तक स्वीकृति प्रदान कर दी जाएगी; ब्यौरा दें?

आउटसोर्स कर्मचारी

1982 श्री लोकेन्दर कुमार (आनी):

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों, बोर्डों, निगमों एवं सरकारी संस्थानों में वर्तमान में कितने कर्मचारी आउटसोर्स आधार पर कार्यरत हैं; इनकी विभागवार एवं पदवार/ श्रेणीवार संख्या, नियुक्ति की नीति, नियुक्ति वर्ष, संबंधित एजेंसी तथा प्रथम नियुक्ति के समय वेतन तथा वर्तमान मासिक वेतन का ब्यौरा दें;

(ख) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक इनके वेतन में कितनी वृद्धि हुई तथा एजेंसियों द्वारा कितना सेवा शुल्क काटा जा रहा है तथा इन कर्मचारियों के बैंक खातों में कितनी धनराशि जमा की जाती है;

(ग) क्या इन कर्मचारियों को समय पर वेतन, वर्ष के 12 महीनों का पारिश्रमिक, सवेतन अवकाश, ई0पी0एफ0, ई0एस0आई0 एवं अन्य सामाजिक सुरक्षा लाभ प्रदान किए जा रहे हैं; यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) क्या सरकार आउटसोर्स कर्मचारियों हेतु कोई स्थायी नीति बनाने, न्यूनतम मासिक वेतन बढ़ाने, समान कार्य हेतु उचित पारिश्रमिक सुनिश्चित करने तथा इनकी सेवाओं को नियमित करने अथवा वैकल्पिक स्थायी व्यवस्था के तहत लाने पर विचार रखती है; यदि हां, तो अब तक उठाए गए पगों एवं संभावित समय-सीमा का ब्यौरा दें?

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर

1983 श्री त्रिलोक जम्वाल (बिलासपुर):

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर की रैंकिंग में आई गिरावट के क्या कारण हैं व इसके सुधार हेतु सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं; ब्यौरा दें?

रिक्त पद

1984 श्री त्रिलोक जम्वाल (बिलासपुर):

क्या **आयुष मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश के आयुष विभाग में चिकित्सकों एवं अन्य कर्मचारियों के रिक्त पदों को भरने हेतु सरकार की वर्तमान नीति एवं कार्य योजना क्या है; और

(ख) दिनांक 01.11.2026 तक आयुष विभाग में चिकित्सकों एवं अन्य कर्मचारियों के संवर्गवार स्वीकृत, भरे एवं रिक्त पदों का ब्यौरा दें?

शिमलाः 171004. **यशपाल शर्मा,**

12 नवम्बर, 2026. **सचिव**